### एक नजर में



## स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली

**उज्जैन।** वार्ड नंबर 48 इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी हिल्स कॉलोनी में पार्षद अंशु गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में त्रिवेणी हिल्स सामाजिक विकास समिति द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया और जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड के रेवासियों ने हिस्सा लिया ।समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री के निर्देश अनुसार एवं मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया और जागरूकता रैली निकाली गई। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रीति वर्मा ने कहा कि सुबह से लेकर शाम तक महिला अपने घरों में काम करती है जहां से अधिक मात्रा में कचरा निकलता है। अभियान के दौरान हमने खास तौर पर सभी महिलाओं को घर-घर जाकर नगर निगम की गाड़ियों में कचरा डालने और वार्ड को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार बनाने के लिए सभी की भागीदारी बहुत जरूरी है। इसलिए अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रैली में महिलाओं और पुरुषों ने हाथों में तख्ती लेकर स्वच्छता का संदेश दिया, जबकि युवाओं ने ढोल बजाकर लोगों को जागरूक किया। यह रैली स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय में स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के लिए एक प्रभावी तरीका था। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। इस मौके पर आरपी सिंह बेस, ओपी श्रीवास्तव दीपक रेटा जगदीश शर्मा, जयप्रकाश प्रदीप श्रीवास्तव केसरीमल, जैन बीडी, बैरागी, भूपेंद्र सोलंकी, कमल मालवी, बबीता गहलोत, प्रभा व्यास, विभा यागिक, प्रीति वर्मा, विजय सिंह सिकरवार, नवीन दीक्षित, मनीष पंडित, मनीष परमार, अजय शर्मा, देवराज परमार, सुमन सोनी, श्वेता राठौड़, माया शर्मा, प्रतिभा जोगलेकर, भावना गुहा, ललिता रघुवंशी, अमित गुप्ता, आकांक्षा चतुर्वेदी, रानू सिकरवार, कंचन वर्मा, रेखा बेस, वैशाली परमार आदि लोग उपस्थित थे।



## मची काठियावाड़ी गरबे की धूम

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, महिला एवं युवा मंडल द्वारा शहनाई गार्डन में रास गरबा का आयोजन किया गया जिसमें गुजरात काठियावाड़ी की तर्ज पर गरबो का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश विजयवर्गीय, विजय शर्मा, रमेशचंद्र नागर, राजेश कूलवाल, वल्लभ माहेश्वरी, महेशचंद्र नागर थे ।सभी अतिथियों का स्वागत मंडल द्वारा किया गया ।पश्चात गरबे की ऐसी धूम मची की सैकड़ो की तादात में महिला पुरुष रंग बिरंगी ड्रेसों में एवं डांडियों के साथ अलग-अलग ग्रुप बनाकर गरबे करने लगे। कई महिला पुरुष फ्री स्टाइल गरबा भी कर रहे थे जिससे पूरा माहौल काठियावाड़ी हो गया। पश्चात ग्रुप वाइज एवं सभी को बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल, बेस्ट डांडिया, बेस्ट मेल, बेस्ट फीमेल का पुरस्कार देकर संयोजकों ने एवं अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा संस्थापक ने सम्मानित किया। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल अध्यक्ष आनंद पुरोहित, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, सचिव जयेश श्रॉफ, श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, कोषाध्यक्ष नीतिन नीमा, सचिव अमर दिसावल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल अध्यक्ष नुपूर नीमा, कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, सचिव मनीषा नागर, समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा, हेतल शाह, कार्यक्रम संयोजक राजश्री दिसावल, पारूल शाह, हंसा राजवानी, मृदुली नीमा, वंदना जेथलिया, संध्या तेलंग, परेशा निमा, संध्या माहेश्वरी, पवित्रा नागर, सारिका नीमा, सुनीता मूले, दीपाली नागर, पूजा भुजाडे आदि वैष्णवजनों ने रास गरबा महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित किया।



## गीतांजलि ने गुजराती गरबा से मचाई धूम

**उज्जैन।** महेश परियानी के नेतृत्व में पार्क पैलेस में आयोजित सिंधी समाज के गरबा कार्यक्रम में प्रसिद्ध टीवी कलाकार गीतांजलि मिश्रा ने ऐसा रंग जमाया की हजारों की तादाद में दर्शक उनके साथ गुजरात की तर्ज पर गरबे करने लगे। सैकड़ो महिला पुरुषों ने उनके साथ सेल्फी लेकर ऐसा माहौल बनाया की मानो गुजरात पूरा उज्जैन में बस गया हो। मीडिया प्रभारी दीपक रीजवानी ने बताया कि समाजसेवी महेश परियानी ने सर्वप्रथम मुख्य अतिथि नारायण यादव का शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पश्चात टीवी कलाकार गीतांजलि मिश्रा को भी स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया एवं समस्त संयोजकों ने भी मुख्य अतिथि एवं टीवी कलाकार को शाल पहनाकर सम्मानित किया। अतिथि के रूप में मीना जोनवाल, ममता मिश्रा, श्रुति व्यास, नीलम काबरा, रिंकू बेलानी, मोहन वासवानी, अजय रोहरा, गोपाल बलवानी, लोकेश आडवाणी, दीपक बेलानी, किशोर मुलानी, ललित लुल्ला, कपिल बाशानी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, हरीश टेकवानी, कमल शहलानी, दीपक राजवानी, सोनू वासवानी, वर्षा आडवाणी, सोनिया नाथनी सहित समाज के कई प्रबुद्ध व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का सम्मान किया।

## महिला मंडल की तीर्थ यात्रा प्रारंभ



**उज्जैन।** श्री पद्मावती महिला मंडल के तत्वावधान में 29 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक नौ दिवसीय अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थंकरो की जन्मस्थली की यात्रा आयोजित की जा रही है। संघपति भरत नीलम पांड्या के तत्वाधान में एवं श्रीपाल अंजू गंगवाल के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा के संयोजक आशीष निधि बाकलीवाल और सुदर्शन श्रुति बड़जात्या हैं। मंडल सचिव मेघा निलेश सेठी और कोषाध्यक्ष श्वेता आशीष लुहाड़िया ने बताया कि यात्रा मे संयोजकगण संजय विनीता पहाड़िया, देवेंद्र विभा गोधा, शम्भू बबिता चाँदवाद, अजय सरिता पहाड़िया, दिलीप कल्पना सोगानी, और महेंद्र मंजुला कोटड़िया, पवन रंजना पाटोदी, अर्चना बड़जात्या, रानी पहाड़िया आदि सहित 80 यात्री शामिल हुए। यात्रा पर जाने के पूर्व भरत पांड्या ने धार्मिक यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने के लिये श्री जी का आशीर्वाद के लिये श्री फल अर्पण किया। आदिनाथ मंदिर के ट्रस्टी पूनमचंद लुहाड़िया, प्रदीप सुषमा बदनोरे, अशोक मंगला जैन, सुरेश गुणमाला गंगवाल, कमल सेठी आदि एवं पद्मावती महिला मंडल की सदस्यों ने एकत्रित हो सभी यात्रियों को मंगल कामनाएं दीं।

# हेलीपैड पर लगे नारे, किसानों की सरकार, मोहन सरकार, भावांतर योजना शुरू करने पर सम्मान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खादी कपड़े खरीद कर मोबाइल से ऑनलाईन भुगतान किया, किया कन्या पूजन







**उज्जैन।** रविवार को हेलीपैड पर किसानों ने नारे लगाए और कहा कि किसानों की सरकार मोहन सरकार, हाथ में तख्तियां लेकर पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत भी किया। सीएम ने किसानों से मौके पर चर्चा की।

डॉ. मोहन यादव का शहर आगमन पर किसानों ने भावांतर योजना की घोषणा पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार को धन्यवाद दिया। हेलीपेड पुलिस लाइन उज्जैन पर 500 से अधिक किसान हाथों में मुख्यमंत्री के प्रति आभार और धन्यवाद की तख्तियां लेकर पहुंचे और सोयाबीन की फसल के लिए भावांतर योजना लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया।

प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं खादी सामग्री क्रय करते हुए सभी को प्रदर्शनी का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व उन्होंने भारतीय ज्ञानपीठ के संस्थापक वरिष्ठ गांधीवादी शिक्षाविद् समर्पित समाजसेवी आजीवन खादी व्रतधारी स्वर्गीय कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया।

भारतीय ज्ञानपीठ की संचालक अमृता कुलश्रेष्ठ, यश कुलश्रेष्ठ, युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ ने मुख्यमंत्री का पुष्प कुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर खादी ग्रामउद्योग विकास मंडल उज्जैन के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव स्वदेश शर्मा ने खादी ग्रामउद्योग विकास मंडल उज्जैन के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जैन, डॉ. एसएन पांडे, डॉ. विनोद बैरागी, विश्वास शर्मा, डॉ. एसके जैथलिया, अनिल गुप्ता, डॉ. सुमित सकरगाये, चार्टर्ड अकाउंटेड नितिन गरुड़ , समाजसेवी महेश परियानी, पुनीत अग्रवाल, पुष्पेन्द्र शर्मा, योगांश शर्मा, सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ड्यूटी करते हुए कर्त्तव्य निष्ठ पुलिस कर्मियों को श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए एक-एक करोड़ रुपए की राशि का स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का चेक अशोक शर्मा और मांगीलाल निनामा के परिजनों को सौंपा। वहीं आरती पाल के परिवारजनों को भी 59 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसपी कलेक्टर की बिल्डिंग के साथ ही अन्य 11 निर्माण कार्यों में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, सभापती कलावती यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर, उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, राजेन्द्र भारती, संजय अग्रवाल, रुप पमनानी, विशाल राजौरिया, जगदीश पांचाल, ओम जैन, आनंद खिंची, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा बड़ी संख्या में गणमान्यनागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान शाम को शहर में बंगाली मार्केट और ऋषि नगर में अयोजित नवदुर्गा उत्सव कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बंगाली कॉलोनी में माँ काली मंदिर में पूजा कर धूप अर्पित कर कहा की यहां के आयोजन की परम्परा बहुत पुरानी और समृद्धशाली है।

### आपके हितों की सरकार-कुर्ते पजामे का किया भुगतान

इस अवसर पर स्थानीय किसान और कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प वर्षा और पुष्प मालाएं पहनाकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रेषित किया है। मुख्यमंत्री ने भी सहज हृदय से सभी को कहा कि यह सरकार आपकी सरकार है और आपके हितों के लिए सभी प्रकार के प्रयास जारी रखेगी। किसानों को किसी प्रकार का कोई नुकसान ना हो इसके लिए सरकार लगातार कार्य करती रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोयाबीन के लिए भावांतर योजना लागू करने का भी काम सरकार ने किया है जिससे किसानों को मौसम के कारण हुए नुकसान की भरपाई हो सके। मां खादी की चादर दे दे मैं गांधी बन जाऊंगा, सब मित्रों के बीच बैठकर रघुपति राघव गाऊंगा ,महात्मा गांधी जीवन भर खादी का उपयोग करते रहे उनका रचित यह वाक्य रविवार को फिर एक बार दोहराया गया। अवसर था मुख्यमंत्री के खादी की प्रदर्शन में जाकर खादी के कपड़ों की खरीदी करने का यहां सीएम ने कुर्ते पजामे के लिए खादी के कपड़े खरीदे, और अपने मोबाइल से 6 हज़ार 300 रु का ऑनलाइन भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य बाल योगी उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत आदि उपस्थित थे।

### 121 स्थानों पर 25,000 कन्याओं का पूजन ,बना विश्व रिकॉर्ड

यह केवल आस्था और परंपरा का उत्सव नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और समाज की एकता का अनुपम उदाहरण है। हर्ष और गर्व का विषय है कि इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक आयोजन के ना केवल हम साक्षी बने वरन हम सब की साहभागीता यह गौरव उज्जैन और मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ है ।यह बात विक्रमादित्य मार्केट में आयोजित नगर के कन्या पूजन के अवसर पर वार्ड क्रमांक 16 और 19 के आयोजन के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। सीएम डॉ. यादव ने कहा हमारे मित्र और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की अगुवाई में इतिहास के पन्नों में उज्जैन का नाम जुड़ गया। लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्ति के अवसर पर व्यक्त किया। लोकमान्य तिलक महा आयोजन समिति के संयोजक और विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने कहा कि इस आयोजन की सफलता के सूत्र लगभग 5000 कार्यकर्ता 121 यजमान जिन्होंने अपने स्वयं के खर्चे से सारी व्यवस्थाओं को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। इस पूरी सफलता के असली अधिकार वह मातृशक्ति कन्या के रूप में है जिन्होंने आकर यहां पूजन हेतु हमको अवसर प्रदान किया। हम सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं साथ ही मुख्यमंत्री जिन्होंने आकर इस क्षण को ऐतिहासिक बनाया।

# 40 लाख के जेवरात चोरी करने वाले बदमाश नीमच से गिरफ्तार

## 4 किलो चांदी बरामद, 170 ग्राम सोना बरामद करने का प्रयास

**उज्जैन। पंथपिपलई में बदमाशों ने जुलाई में एक ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर 40 के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया था। मामले में नानाखेड़ा पुलिस के हाथ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे, इस आधार पर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी को 30 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। चारो से चार किलो चांदी के आभूषण बरामद हुए है। एक आरोपित अब भी फरार है।**

सैफरान प्रीमियम कालोनी एमआर 5 पर रहने वाले गिरिराज गुप्ता की पंथपिपलई में ज्वेलर्स की दुकान है। गुप्ता एक जुलाई की रात को दुकान बंद कर परिचितों के साथ राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन करने चला गया था। दो जुलाई को एक ग्राहक ने फोन कर बताया कि उसकी दुकान के ताले टूटे हुए हैं। जिस पर उन्होंने एक परिचित को दुकान पर भेजा था। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर करीब 40 लाख रुपये कीमत के 170 ग्राम सोने व चांदी के आभूषण व 18 हजार रुपये चोरी करके ले गए। इसके अलावा चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर भी खोलकर ले गए। गुप्ता ने नानाखेड़ा थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया था। जांच के दौरान पुलिस को गुप्ता के यहां से चोरी गए जेवरातों के खाली बाक्स दुकान से कुछ दूरी पर मिले थे। गुप्ता ने पुलिस को बताया कि चोरी गए जेवरात ग्राहकों ने आर्डर देकर बनवाए थे। पुलिस ने मामले में शनिवार को कमल पिता बगदी 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपलिया रूंडी मनासा नीमच, रोशन पिता बापूलाल चौहान 30 वर्ष निवासी ग्राम मोया नीमच, उमेश पिता रामप्रसाद बांछड़ा 50 वर्ष निवासी ग्राम कुकड़ेश्वर नीमच, सुभाष उर्फ पीयूष पिता नागेश सेन 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपलिया रावजी मनासा नीमच को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चार किलो चांदी के आभूषण बरामद किए है। पुलिस 29 अगस्त को चोरी के मामले में हरीश बंजारा निवासी पिपलीयारुंडी नीमच से गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

मुंह पर कपड़ा बांधकर आए थे बदमाश पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी। जिसमें पांच बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर दुकान के आसपास नजर आ रहे थे। चोरों ने पंथपिपलई में श्याम, बबलू और दो अन्य लोगों यहां भी चोरी की वारदात का प्रयास किया था। घरों में कुछ नहीं मिलने पर चोरों ने एक घर के बाहर बंधी भैंस को भी चुराने का प्रयास किया। मगर लोगों के जागने पर वह भाग निकले थे।

### पारिवारिक विवाद से तंग आकर खाया जहर, मौत

उज्जैन। बेटे का साला लड़की को भगा कर ले आया था, मां ने बेटे से अपने साले को लड़की को वापस लेकर जाने की बात कही तो बेटे और बहू ने विवाद किया। तंग आकर मां ने जहर खा लिया। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बलेडी में रहने वाली रेशम भाई पति बाबूलाल के पुत्र धर्मेंद्र का साला लखन कुछ दिन पहले एक लड़की को भगाकर ले आया था और जीजा धर्मेंद्र के घर पर रह रहा था। धर्मेंद्र की मां रेशम बाई ने उसे अपने साले और लड़की को वापस जाने के लिए कहा और पुलिस कार्रवाई से बचने की बात कही तो बेटे धर्मेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ विवाद शुरू कर दिया। चार दिनों से रेशमबाई और पुत्र धर्मेंद्र के बीच विवाद हो रहा था किसी वजह से तंग आकर रेशम बाई ने शनिवार रात जहरीला पदार्थ कर लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि बेटा धर्मेंद्र और बहू प्रेमबाई 4 दिन से भी बात कर रहे थे इसी के चलते रेशम बाई ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## वरिष्ठजन सम्मान एवं संवाद दिवस आयोजित



**उज्जैन। प्रसिद्ध साहित्यकार एवं धर्मशास्त्री पूर्व संभागायुक्त डॉ. मोहन गुप्त ने कहा है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते अवसाद को दूर करने में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। गुप्त रविवार को महाश्वेता नगर में जीवन उद्घोष समिति द्वारा आयोजित वरिष्ठजन सम्मान एवं संवाद दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**

कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान उनके ही परिवारजनों द्वारा किया गया। संस्था ने प्रतिवर्ष दिए जाने वाला वैजयंती देवी मातृत्व सेवा पुरस्कार रेखा शुक्ला को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने भी संबोधित किया। सम्मानित वरिष्ठजन प्रेम नारायण नागर जो कि 100 वर्ष पूरे कर रहे हैं ने कहा कि सदैव प्रसन्न रहें और दूसरों को प्रसन्न करें। डॉ. सुरेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. केदार नारायण जोशी, डॉ. विमल गर्ग, डॉ. शैलेंद्र पाराशर, शिवकुमार चौरसिया, शुभा मुंगी, अप्रतुल शुक्ला आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन प्रो. शैलेंद्र पाराशरने किया। आभार उपेन्द्र गुप्त ने माना। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति डॉ. नागेश्वर राव, डॉ. संतोष पंड्या, मिलिंद मुंगी, बीके कुमावत, डॉ. आरए मुद्गल, सीमा जोशी, बड़ी संख्या में नगर के विद्वतजन एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रेम नारायण नागर, महेश ज्ञानी, प्रो. हरिमोहन बुधोलिया, डॉ. सुरेश शर्मा, आरपीएस जादौन, द्वारकाधीश पंचोली, विश्व जागृति मिशन को सम्मानित किया गया।

## दशमेश दरबार में कमरों का निर्माण का शुभारंभ, अरदास का किया पाठ

**उज्जैन।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब श्री दशमेश दरबार नानाखेड़ा, महामृत्युंजय द्वार इंदौर रोड के पास उज्जैन आने वाले सभी धर्म-जाति-वर्ण के श्रद्धालुओं हेतु रहवासी कमरों का निर्माण का शुभारंभ पाठ एवं अरदास कर किया गया। इसका नामकरण सिख धर्म के द्वितीय गुरु श्री गुरु अंगद देव जी निवास के नाम से किया गया। सिख समाज के वरिष्ठ जन की 11 सदस्य समिति का गठन किया गया। गुरुद्वारा दूध तलाई के महासचिव जसविंदर सिंह ठकराल ने बताया कि डॉ. बीएस मक्कड़, मानक सिंह मक्कड़, खूशाल सिंह वाधवा, चार लाख गुप्त दान, जगदीश लाल हुरिया, पुरुषोत्तम सिंह चावला, महेंद्र सिंह बिग, अवतार सिंह वाधवा,



अविनाश सिंह धारीवाल, मस्तान सिंह छाबड़ा, दलजीत सिंह अरोड़ा, सुरेंद्र सिंह टुटेजा, सतपाल सिंह अरोड़ा की समिति बनाई गई एवं आज तक पांच कमरों के निर्माण हेतु धनराशि कुछ सिख समाज जन द्वारा दी गई है। सिख समाज के प्रवक्ता एस.एस.नारंग ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने अपने कार्यकाल के अल्प समय में उज्जैन आने वाले सभी धर्म-जाति-वर्ण के श्रद्धालुओ हेतु सिख समाज जन से प्राप्त राशि से रहवासी कमरों का निर्माण करवाया है।

## श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन, समाजहित में कार्य करने का संकल्प

**उज्जैन। श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्रेश संजय अग्रवाल का अग्रवाल धर्मशाला गोलामंडी पर अभिनंदन स्वागत किया गया।**

आयुष जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि समारोह में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अजय तिवारी, संस्कार बैरागी, न्यासी मधुर चैधरी, दीपेश अग्रवाल, अजय गर्ग, पवन अग्रवाल, श्लोक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सहज अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल आदि ने नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया।

अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेनजी का पूजन कर सालभर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

**महाकाल की सवारी** — साल में एक बार ही आता है नए शहर में सवारी निकलने का मौका

# दशहरे पर भगवान महाकाल की सवारी फ्रीगंज जाएगी, 19 किलोमीटर लंबा मार्ग रहेगा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** दशहरे पर 2 अक्टूबर को भगवान महाकाल की सवारी फ्रीगंज जाएगी। इस दौरान सवारी करीब 19 किलोमीटर लंबे मार्ग पर भ्रमण करेगी। साल में एक बार ही यह मौका आता है जब महाकाल की सवारी नए में निकलती है। फ्रीगंज के लोग राजाधिराज महाकाल का दशहरे पर मानो दिवाली मनाते हुए आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत करते हैं। बाबा महाकाल हमेशा की तरह चांदी की पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हैं। सवारी में तोपची, घुड़सवार दल, सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां, भजन मंडलियां, पंडे-पुजारी, बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। सवारी विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचती है जहां रावण दहन से पूर्व विजयी के प्रतीक स्वरूप शमी का पूजन किया जाता है। इसके बाद सवारी वापस देर शाम मंदिर लौटती है।



### गढ़कालिका की पुजारी महंत नाथ का माली समाज ने किया सम्मान



नवरात्रि की पंचमी पर गढ़कालिका मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ का रामी गुजराती माली समाज मालीपुरा की ओर से स्वागत किया गया। समाजजनों ने मंदिर में दर्शन, पूजन पुजारी का साफा बांधकर, पुष्पमाला, शाल-श्रीफल से सम्मान किया। समाज के वरिष्ठ हरिनारायण परमार, द्वारकाधीश चौहान, शिवनारायण जागीरदार, भगवान चौहान, लीलाधर, ओम नारायण, मोतीलाल पटेल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अवंतिका नारी शक्ति तीर्थ इकाई ने किया सफल गरबा महोत्सव



अवंतिका नारी शक्ति तीर्थ इकाई द्वारा पहली बार शारदीय नवरात्रि में गरबा महोत्सव का आयोजन रामघाट मार्ग स्थित शगून शहनाई गार्डन में किया गया। अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया लकी ड्रा रखा में काशी तिवारी ने पुरस्कार जीता। शुभारंभ सुरेंद्र चतुर्वेदी, पार्षद अर्पित दुबे, पत्रकार नीलेश शर्मा आदि ने किया। स्वागत उत्तम दुबे, यश जोशी, गौरव उपाध्याय, स्वप्नील शास्त्री, विकास व्यास आदि ने किया। महिलाओं का सम्मान आयोजन समिति की श्रीमती पूनम दुबे, प्रिया व्यास, प्रतिष्ठा दुबे, ज्योति व्यास, अनीता शास्त्री, रक्षा पालीवाल, दीपिका जोशी, रेखा शास्त्री ने किया। संचालन धीरज गोमे ने किया।